# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–02 जून2025** **सान्ध्य समाचार**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर ने आज जेईई एडवांस्ड परीक्षा दो हजार पचीस के परिणाम घोषित कर दिए। परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले रजित गुप्ता ने आईआईटी करने के इच्छुक विद्यार्थियों को सलाह दी है कि वे तैयारी के दौरान जब भी आवश्यकता हो तो अपने शिक्षकों की सलाह अवश्य लें।

**अपने टीचर्स से कंसल्ट करिये की मुझे कैसे क्या पढना है। खुद से कुछ मत करिये। पूरी मेहनत करनी है उसके अंदर, उसके अंदर जुट जाइये। जो बेसिक एक इंट्रेक्शन रहता है। फैमली मेम्बर और स्टूडेंट के बीच में कि हां पापा कैसे हो, हां मां कुछ चाहिए वगैरह वैसा वो सब तो रहता ही है और ऐसा कुछ बहुत ज्यादा एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी नहीं रहा।**

जेईई एडवांस्ड परीक्षा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों और तकनीकी शिक्षा के अन्य सहभागी संस्थानों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है।

**********

आतंकवाद के विरूद्ध भारत के दृढ रवैये का संदेश देने के लिए सांसदों वाले सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों की यात्रा पर हैं। इसी क्रम में एनसीपी–एससीपी की सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल आज मिस्र पहुंचा। इससे पहले शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने लाइबेरिया में भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत की। श्री शिंदे ने कहा कि चार से पांच दशकों तक आतंकवाद के विरूद्ध लडाई के बावजूद भारत अभी प्रौद्योगिकी में एक बडी शक्ति है।

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्सव के बीच, राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के शौर्य की स्मृति में, आकाशवाणी समाचार विशेष श्रृंखला का प्रसारण कर रहा है। आज इसी कड़ी में, हम परमवीर चक्र से सम्मानित कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह को याद कर रहे हैं।

**1918 में राजस्थान में जन्मे कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह 1936 में 6 राजपूताना राइफल्स में भर्ती हुए। जुलाई 1948 में जम्मू–कश्मीर के तिथवाल सेक्टर में एक सैन्य अभियान के दौरान कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह संकरे रास्ते से आगे बढ़ रहे थे तभी उनकी टुकड़ी को दुश्मन की भारी गोलाबारी का सामना करना पड़ा। जब उनके अधिकांश साथी या तो शहीद हो चुके थे या घायल हो गए थे तब कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह अकेले ही दुश्मनों के खिलाफ डटे रहे। ग्रेनेड के छर्रे लगने से घायल होने के बावजूद उन्होंने अपनी स्टेन गन से दुश्मन की मीडियम मशीन गन टीम को तबाह कर उस मोर्चे पर कब्जा किया। जब उनकी गोलियां खत्म हो गई तो उन्होंने ग्रेनेड फेंके और एक खाई से दूसरी खाई में जाकर दुश्मन सैनिकों को संगीन से मार गिराया। मेजर पीरू सिंह जब दुश्मन की एक अन्य चौकी पर हमला कर रहे थे तभी उनके सिर में गोली लग गई लेकिन अंतिम क्षणों में भी उन्होंने एक ग्रेनेड दुश्मन की खाई में फेंक दिया। उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

अयोध्या धाम में कल से शुरू हो रहे प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान की पूर्व संध्या पर आज कलश यात्रा निकाली गई। राम दरबार और परकोटे में बने विभिन्न मंदिरों में पांच जून को प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस बीच, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुन कर अयोध्या न आए, क्योंकि इन कार्यक्रमों में किसी को भी आमंत्रित नहीं किया गया है। अयोध्या धाम में सिर्फ वही लोग आएं जिन्हें श्रीरामलला का दर्शन करना है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि अभी कुछ महीनों तक श्रद्धालु श्रीरामलला और परकोटे में बनाए गए मंदिरों के दर्शन नहीं कर पाएंगे।

**********

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार अभी तक देश भर में कोविड नाइंटिन के तीन हजार नौ सौ साठ से अधिक सक्रिय मामले सामने आए हैं। हांलाकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कोविड के नए वैरिएंट को हल्का बताया है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में कोविड यूनिट के प्रभारी डॉ. पवन कुमार ने लोगों को आश्वस्त किया है कि इससे घबराने की जरूरत नहीं है। इस बीच, प्रदेश के श्रावस्ती जिले समेत कई अन्य जिलों में कोविड को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। लोगों से बीमारी के प्रति घबराहट छोड़ कर सतर्कता बरतने की अपील की जा रही है।

**********

बाराबंकी जिले के रामनगर थानाक्षेत्र में चौका घाट के पास आज सुबह एक सड़क हादसे में चार लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गये। यह हादसा उस समय हुआ जब गोंडा जिले के रहने वाले एक ही परिवार के लोग चारपहिया वाहन से पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होकर कानपुर से वापस लौट रहे थे कि बाराबंकी जिले में गोंडा मार्ग पर एक ट्रक से टक्कर हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने घायलों के समुचित उपचार के भी निर्देश दिये हैं।

**********